an>

Title: Need to implement Report of the Sachchar Committee.

मोहम्मद सलीम : अध्यक्ष महोदय, आज 30 नवम्बर है। आज से ठीक एक साल पहले इसी सदन में मंत्री जी जस्टिस सच्चर कमेटी की रिपोर्ट रखी थी। पूरे देश को यह उम्मीद थी कि यूपीए सरकार आने के बाद कुछ अफरमेटिव एक्शन लिया जाएगा। हमने पिछले चार सत्र में कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के ऊपर डिस्कशन हो और सरकार इस बारे में क्या इम्प्लिमेंटेशन कर रही है, इसकी चर्चा हो, इसके लिए नोटिस देते आए हैं। महोदय, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि दो-तीन बार यह विषय लिस्ट में आ भी गया था, पिछले सत्र में भी लिस्ट में आया था, लेकिन हंगामे की वजह से या किन्हीं दूसरे कारणों से चर्चा नहीं हो पाई। अगस्त महीने में हमारे अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री श्री अंतुले जी एक फालो-अप एक्शन लाए थे।[R24]

उन्होंने एक फॉलो-अप एक्शन लिया था, आपने जो सैक्रेटरीज़ कमेटी बनाई थी, आपने जो ग्रुप ऑफ मिनिस्टर बनाया था, खुद अपने मिनिस्टर के नेतृत्व में जो समितियां बनाई थीं, एक्सपर्ट्स कमेटीज़ बनाई थीं, उनकी भी तमाम चर्चा करने के बाद जो रिपोर्ट्स हैं, अफसोसनाक बात यह है कि एक साल में उन्हें सरकार ने आज तक लागू नहीं किया। चाहे वह 11वीं पंचवर्षीय योजना हो, चाहे वह इस साल का 2007-2008 का बजट हो। सरकार के अन्य विभागों में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बारे में जो कदम उठाने चाहिए थे, वे आज तक नहीं उठे। तीन साल से लोगों ने उम्मीद की कि रिपोर्ट आयेगी। एक साल से हम उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार चर्चा करेगी। अब यू.पी.ए. सरकार पांच साल के लिए बनी है, वह कब इसे लागू करेगी और सदन को कब बताएगी कि क्या करना है?...(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि ऐसे महत्वपूर्ण विषय को माननीय सलीम जी ने उठाया है। इस देश की 15 प्रतिशत आबादी, जो अल्पसंख्यक है, जिसकी आर्थिक दशा को सुधारना, उसकी सामाजिक दशा को सुधारना, उसकी शैक्षणिक दशा को सुधारना, उसको रोजगार में लगाना...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: All right, you have raised it.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : देश की 15 प्रतिशत आबादी, 15 करोड़ आबादी अल्पसंख्यक है, राष्ट्र तभी मजबूत हो सकता है, जब 15 प्रतिशत आबादी, जो बिल्कुल वंचित है, राष्ट्र की मुख्य धारा से कटी हुई है, भी आगे बढ़े। इसीलिए सच्चर समिति की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से इसको लिखा है। इसको राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सच्चर समिति की रिपोर्ट को तुरन्त लागू करना चाहिए, प्रभावी करना चाहिए। लगातार सरकार की ओर से यह आश्वासन मिला है कि सच्चर समिति की रिपोर्ट...(व्यवधान) आपको तकलीफ क्यों हो रही है। इनके चलते ही तो चर्चा नहीं हो रही है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Devendra Prasad Yadav, you should not make a speech on this; you may just associate on this matter.

...(*Interruptions*)

MR. SPEKAER: Do you want to associate with him?

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : No. I want to dissociate myself within him...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do you oppose it?

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Yes, I oppose it....(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : अपोज़ करने का यह मौका तो नहीं है।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : सच्चर कमेटी की रिपोर्ट देश को बांटने वाली है, देश के टुकड़े करने वाली है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Prof. Vijay Kumra Malhotra disassociates himself from him.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : सदन के पटल पर एक साल से सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है। इसे लिस्ट ऑफ बिजनेस में भी अंकित किया गया, लिस्टेड किया गया, लेकिन उस पर चर्चा नहीं हो सकी। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Whosoever want to associate on this, they may send their names and their names will be recorded in the proceedings as associated. डिस-एसोसिएट करते हैं, यह बोलते हैं।

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरा अनुरोध है कि सच्चर समिति की रिपोर्ट को तुरन्त प्रभावी किया जाये और इसको तुरन्त इम्प्लीमेंट किया जाये।...(व्यवधान)

PROF. RASA SINGH RAWAT (AJMER): Sir, I dissociate myself on this.â€¦(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: All right, it will be recorded.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा): महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

श्री अब्दुल रशीद शाहीन (बारामूला): महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़): महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़): महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

श्री मधु गौड यास्खी (निज़ामाबाद): महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

श्री रविन्दर नाइक धारावत (वारंगल) : महोदय, मैं इनके साथ एसोसिएट करता हूं।

MR. SPEAKER: Now, Shir Hansraj G. Ahir.

Mr. Ahir is a very responsible Member.

SHRI RAM KRIPAL YADAV (PATNA): Sir, what about my matter?

MR. SPEAKER: You have given a notice for raising a State matter. Sorry.

SHRI RAM KRIPAL YADAV : No, Sir. It is Central matter...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Those who want to raise such matters, they disagree with me. Therefore, it becomes useless.

...(*Interruptions*)

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष जी, मैं देश में जो विभिन्न जातियों को आरक्षण का प्रावधान किया गया है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: We are taking up urgent matters of public importance. It is not an urgent matter. Prof. Malhotra, it is a 23 year old matter.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : But it is a very important matter...(*Interruptions*)